हिंदी दैनिक

# न्यूज़ वायरस

वर्ष : 12 अंक : 42 देहरादून, बुधवार, 02 अगस्त, 2023 मूल्य : एक रुपया पृष्ठ : 08



शाबाश दून पुलिस : 24 घंटे के अन्दर किया मर्डर का खुलासा 3

# 951 करोड़ रूपये की स्वीकृति पर सीएम ने पीएम का आभार जताया

## 48 योजनाओं के लिए स्वीकृत हुई विशेष सहायता

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

दिल्ली / देहरादून 2 अगस्त , वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पूंजीगत निवेश 2023-24 के अन्तर्गत उत्तराखण्ड को विशेष सहायता (ऋण) के लिए 951 करोड़ रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य को प्रदान की गई इस विशेष सहायता के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का आभार व्यक्त किया। वित्त मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जिन महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए 2023-24 के लिए राज्य को विशेष सहायता स्वीकृत की गई है, उनमें जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल की सुविधा के लिए 110 करोड़ रूपये, नैनीताल में मॉडल कॉलेज अपग्रेडेशन के लिए 61 करोड़ रूपये, 500 बेड के दून मेडिकल कॉलेज के लिए 60 करोड़ एवं दून मेडिकल कॉलेज कैम्पस के लिए 33.98 करोड़ रूपये की विशेष सहायता प्रदान की गई है।

पीएमजीएसवाई स्टेट शेयर के लिए 56 करोड़ रूपये, रूड़की देवबंद रेल लाईन के लिए 55 करोड़ रूपये, सहसपुर में स्किल हब के लिए 25.91 करोड़ रूपये, फार्म मशीनरी बैंक के लिए 25 करोड़ रूपये, टनकपुर आईएसबीटी के लिए 25 करोड़ रूपये, देहरादून में बस डिपो/वर्कशाप के लिए 25 करोड़ रूपये एवं अल्मोड़ा सीवरेज स्कीम के लिए 20.16 करोड़ की विशेष सहायता प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त अन्य योजनाओं में भी विशेष सहायता के तहत भारत सरकार द्वारा धनराशि स्वीकृत की गई है।



# चमोली जैसे हादसों की ना हो पुनरावृत्ति : राधा रतूड़ी

## अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने समस्त कार्यदायी संस्थाओं की बैठक ली

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून , 2 अगस्त , चमोली जैसे हादसों की पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए प्रदेश में कार्यरत समस्त कार्यदायी संस्थाओं की एक उच्च स्तरीय बैठक मुख्यमंत्री के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने सचिवालय में ली । बैठक में यह तथ्य संज्ञान में आया कि कार्यदायी संस्थाएं इलैक्ट्रिकल वर्क को सिविल वर्क के साथ जोड़ देती हैं। जबकि कार्यदायी संस्थाओं के पास इलैक्ट्रिकल वर्क के लिए पृथक से इंजीनियर उपलब्ध रहते हैं। एक ही एस्टीमेट बनाने तथा एक साथ कार्य कराने से इलेक्ट्रिकल वर्क के लिए अच्छे से कार्य करने तथा सुरक्षा के मानकों का पालन करने में समझौते की स्थिति आती है। सिविल कॉन्ट्रैक्टर्स ही इलेक्ट्रिकल कार्य को करवाते है। बैठक में इस व्यवस्था में परिवर्तन लाने के लिए समस्त कार्यदायी संस्थाओं से सुझाव लिये गए।



कार्यदायी संस्थाओं से सुरक्षा मानकों पर चर्चा करते हुए एसीएस राधा रतूड़ी ने सख्त हिदायत दी कि सुरक्षा मानकों के लिए उच्चतम स्तर के मानदंड हैं, उन मानदण्डों के अनुसार ही उपकरणों का प्रयोग किया जाना चाहिए। एसीएस ने कड़े निर्देश दिए कि प्रोजेक्ट या कार्य पूर्ण होने के उपरान्त भी सुरक्षा मानक निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप बने रहने चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि वर्तमान में कार्यरत मजदूरों के अलावा उस भवन, प्रोजेक्ट या मशीनरी में कार्य पूर्ण होने के बाद लगाये जाने वाले श्रमिकों या कार्मिकों को उचित प्रशिक्षण दिया जाना तथा सुरक्षा मानकों का समय समय पर परीक्षण करवाया जाना आवश्यक है। बैठक में इसे सुनिश्चित किये जाने का निर्णय लिया गया।

बैठक में यह तथ्य भी संज्ञान में आया कि सिविल और इलैक्ट्रिकल वर्क का एक ही एस्टीमेट बन जाने से इलैक्ट्रिकल कॉन्ट्रेक्टर्स जो छोटे ठेकेदार है या अपने क्षेत्रों के विशेषज्ञ है, उनके कार्य से वंचित होने की भी समस्या आती है। इस व्यवस्था में परिवर्तन से उनकी दक्षताओं का उपयोग भी इलैक्ट्रिकल कार्यो में किया जा सकेगा। एसीएस राधा रतूड़ी ने कहा कि जल्द से जल्द प्रदेश में कार्यदायी संस्थाओं के लिए सिविल वर्क एवं इलैक्ट्रिकल वर्क के लिए स्पष्ट अलग अलग व्यवस्था, सुरक्षा मानकों के लिए उच्चतम स्तर के मानदण्डों का पालन, मजदूरों व कार्मिकों के प्रशिक्षण एवं सुरक्षा मानकों के परीक्षण से सम्बन्धित नई नीति तैयार करते हुए उसे समस्त कार्यदायी संस्थाओं पर लागू किया जाने का उच्च स्तरीय निर्णय लिया जाएगा। बैठक में सचिव वी षणमुगम, अपर सचिव जगदीश कांडपाल, थपलियाल तथा विभिन्न कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# जीएसटी अफसरों की शिकायत लेकर मंत्री अग्रवाल से मिले व्यापारी

देहरादून। दून उद्योग व्यापार मंडल ने जीएसटी अधिकारियों पर उत्पीडन का आरोप लगाते हुए वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से शिकायत की है। उन्होंने कहा कि आशारोड़ी-मोहब्बेवाला जीएसटी चेक पोस्ट पर छोटी-छोटी गलतियों को लेकर व्यापारियों से भारी जुर्माना वसूला जा रहा है। मंगलवार को व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से मिला। व्यापार मंडल के अध्यक्ष विपिन नागलिया ने कहा कि जीएसटी कानून के अंतर्गत पूरे देश में चैक पोस्ट खत्म कर दिए गए हैं। इसकी जगह पर मोबाइल दस्ते फलाईंग स्क्वेड बना दी गई है। लेकिन देहरादून में चैक पोस्ट पर सामान की जांच की जा रही है। बाहरी प्रदेशों से आने वाले सामान पर छोटी मानवीय गलती या क्लेरिकल मिस्टेक, ईवे बिल आदि पर जुर्माना लगाया जा रहा है। जबकि अधिकारी अपने विवेक पर न्यूनतम जुर्माना लेकर भी माल को छोड़ सकते हैं। मंडल के कार्यकारी अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने कहा कि व्यापारी जीएसटी अधिकारियों के उत्पीडन से काफी परेशान है। यदि व्यापारी जुर्माना नहीं भरे तो उसे धमकाया जाता है कि उसकी दुकान पर छापा डलवा देंगे। महासचिव सुनील मेसोन ने कहा कि एक तरफ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ईज ऑफ डूइंग बिजनेस की बात कर रहे हैं, वहीं अधिकारी अपनी छवि चमकानें के लिए व्यापारियों को बेवजह परेशान कर रहे हैं। मंत्री ने व्यापारियों को सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन दिया है। मौके पर डीडी अरोड़ा, संतोख नागपाल, राजेश बडोनी, विजय कोहली, अजय सिंघल, संजय जैन, नरेश गुप्ता, विजय गोयल आदि मौजूद थे।

# उच्च शिक्षा और संस्कृत शिक्षा विभाग को मिले 15 सहायक कुलसचिव

हरिद्वार। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से सहायक कुलसचिव परीक्षा-2022 का अंतिम चयन परिणाम जारी कर दिया गया है। आयोग ने उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत राज्याधीन विश्वविद्यालयों एवं संस्कृत शिक्षा विभाग में सहायक कुलसचिव के रिक्त पदों पर भर्ती निकाली थी उत्तराखंड लोक सेवा आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि सहायक कुलसचिव परीक्षा-2022 की मुख्य परीक्षा का परिणाम 30 जून 2023 को जारी कर दिया गया था।

मुख्य परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों के साक्षात्कार 25 जुलाई को आयोजित कराए गए थे। सचिव ने बताया कि मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार परीक्षा के अंकों के योग से निर्मित मेरिट एवं वरीयता सूची के आधार पर श्रेष्ठता क्रम में अभ्यर्थियों का अंतिम चयन परिणाम जारी किया गया है। उन्होंने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत 13 और संस्कृत शिक्षा विभाग के अंतर्गत दो सहायक कुलसचिव के पदों पर अभ्यर्थियों का चयन करते हुए उनका रिजल्ट जारी कर दिया गया है। सहायक कुलसचिव उच्च शिक्षा विभाग के अंतर्गत सहायक कुलसचिव के रिक्त पदों पर प्रमोद बेंजवाल, रोहित जोशी और अभिषेक कुमार वाजपेई ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वहीं संस्कृत शिक्षा विभाग के अंतर्गत संदीप प्रसाद और सुनील कुमार का चयन किया गया है। उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की ओर से चयनित अभ्यर्थियों के रोल नंबर, प्राप्तांक और कट ऑफ मार्क्स की सूची आयोग की अधिकृत वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है।

# जिन पुरुष में होते हैं कुत्ते के ये 5 खास गुण, उनकी स्त्री हमेशा रहती है खुश

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 2 अगस्त , आचार्य चाणक्य के नीति शास्त्र को मनुष्य जीवन के लिए बहुत उपयोगी माना जाता है. इसमें आचार्य चाणक्य ने मनुष्य जीवन के कई ऐसे मर्म बताए हैं, जिन्हें समझ कर कोई भी व्यक्ति आसानी से अपने जीवन को सुखमय और सफल बना सकता है. नीतिशास्त्र में पुरुषों से जुड़े गुणों का जिक्र करते हुए आचार्य कहते हैं कि अगर किसी पुरुष में कुत्ते के 5 गुण आ जाए तो उससे उसकी स्त्री हमेशा संतुष्ट रहती है. चाणक्य करते हैं कि अगर कुत्ते के 5 गुण एक पुरुष में हो तो उसकी स्त्री हमेशा संतुष्ट रहती है. ऐसे गुणों वाला पुरुष परिवार में खुशी को बनाये रहता है और सम्पन्न रहता है. तो आपको बता दें कि कौन-कौन से वो गुण हैं जो पुरुष को ये काबलियत देते हैं.


प्रतीकात्मक चित्र

**1. संतुष्ट रहना**

आचार्य चाणक्य कहते हैं कि पुरुष को यथाशक्ति परिश्रम करना चाहिए और उससे जो धन या फल मिले, उससे संतुष्ट व खुश रहना चाहिए. जिस तरह से कुत्ता जितना भोजन मिलता है, उतने में ही संतुष्ट हो जाता है. उसी तरह पुरुषों को मेहनत से अर्जित इस धन से ही परिवार का पालन पोषण करना चाहिए, जिन पुरुषों में यह गुण होता है, वे सफलता प्राप्त करते हैं.

**2. सतर्क रहना**

आचार्य के अनुसार, जिस तरह से कुत्ता गहरी नींद में होने के बाद भी सतर्क रहते हैं, वैसे ही पुरुष को भी हमेशा अपने परिवार-स्त्री और कर्तव्यों को लेकर सतर्क होना चाहिए. परिवार व खुद कर सुरक्षा के लिए शत्रुओं के सदा सावधान रहे. आप चाहे कितनी भी गहरी नींद में क्यों ना हो हल्की आहट पर ही जागने का गुण होना चाहिए.ऐसे गुण वाले पुरुष से उनकी पत्नी हमेशा खुश रहती है.

3. वफादारी

चाणक्य कहते है कि जिस तरह कोई कुत्ते की वफादारी पर शक नहीं कर सकता है, उसी तरह पुरुष को अपनी पत्नी व कार्य के प्रति हमेशा वफादार होना चाहिए. जो पुरुष अनजान महिलाओं को देखकर भी लालायित हो जाता है, उसके घर में कलह बनी रहती है. ऐसे पुरुष से स्त्री कभी खुश नहीं रहती है, क्योंकि पत्नी अपने पति की वफादारी से ही आनंदित रहती है.

**4. वीरता**

आचार्य कहते हैं कुत्ता निडर और वीर प्राणी होता है, जिस तरह से यह अपने मालिक की रक्षा के लिए अपनी जान तक गंवा सकता है. ठीक उसी तरह पुरुषों को भी वीर होना चाहिए, जरुरत पड़ने पर अपनी पत्नी और परिवार के लिए अपनी जान दाव पर लगाने से भी पीछे नहीं हटना चाहिए.

5. संतुष्ट रखना

आचार्य चाणक्य के अनुसार, पुरुष का पहला दायित्व है अपनी पत्नी को हर तरह से संतुष्ट रखना, जो पुरुष शारीरिक और मानसिक रूप से अपनी पत्नी को संतुष्ट रखते हैं, उनकी पत्नी हमेशा खुश रहती है. ऐसा करने वाला पुरुष हमेशा अपनी पत्नी का प्रिय बना रहता है.

# दक्षिण दिशा में पैर करके क्यों नहीं सोना चाहिए ?

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट , 2 अगस्त , अक्सर आपने सुना होगा कि दक्षिण दिशा में पैर करके नहीं सोना चाहिए, खास तौर से हमारे पूर्वज इस बात पर जोर देते रहे हैं. इसके पौराणिक और वास्तु से संबंधित कारण आप जानते होंगे, लेकिन क्या आप जानते हैं कि साइंस भी ये कहता है कि हमें दक्षिण दिशा की तरफ पैर करके नहीं सोना चाहिए.पौराणिक मान्यताओं में दक्षिण को यम की दिशा माना गया है. ऐसा कहा जाता है कि दक्षिण दिशा में पैर करने से यमराज नाराज हो जाते हैं, वास्तु में भी इस बात पर लगातार जोर दिया गया है कि सोते समय सिर की दिशा उत्तर में नहीं होनी चाहिए. इंसानों के पूर्वजों की ये बात साइंस भी मानती हैं, लेकिन इसका पैमाना पौराणिक और वास्तु से अलग है आइए समझते हैं कैसे.



साभार:सो.मीडिया

**जानिए इसके पीछे का वैज्ञानिक कारण -**

वैज्ञानिक तौर पर ऐसा माना जाता है कि सोते समय हमारे शरीर में चुंबकीय विद्युत ऊर्जा का संचार होता है, इसी से ही नकारात्मक ऊर्जा नष्ट होती है और एक सुखद और शांतिपूर्ण नींद आती है. साइंस के नजरिए से देखें तो ये माना जाता है कि उत्तरी और दक्षिणी ध्रुव में चुंबकीय शक्ति है. जो दक्षिणी ध्रुव से उत्तर की ओर बहती है. ऐसे में यदि कोई दक्षिण की तरफ पैर करके सोता है तो उसके शरीर की चुंबकीय ऊर्जा सिर की तरफ जाती है.

**जानिए क्या पड़ता है प्रभाव -**

चुंबकीय ऊर्जा पैरों की तरफ से सिर की तरफ बढ़ने पर जब व्यक्ति सुबह उठता है तो वह तनाव में रहता है. कई घंटे सोने के बावजूद उसे ये महसूस होता, जैसे उसकी नींद पूरी नहीं हुई. चुंबकीय ऊर्जा का सिर पर ज्यादा प्रभाव होने की वजह से वह थका-थका सा महसूस करता है, लेकिन यदि उत्तर दिशा की तरफ पैर हों तो यह ऊर्जा पैरों से बाहर निकल जाती है, जिससे लोग ज्यादा स्फूर्ति दायक और तनाव रहित महसूस करता है.साइंस ये मानती है कि उत्तरी ध्रुव की चुंबकीय शक्ति से लोगों में सिर दर्द, नींद की समस्या, तनाव और लगातार चक्कर आने जैसी समस्याएं हो सकती हैं. हालांकि ये बहुत ज्यादा नहीं होतीं, लेकिन भविष्य में ये किसी बड़े खतरे या बीमारी का कारण भी बन सकती हैं.

# देहरादून : ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों पर पुलिस की नजर, ड्रोन से किए जा रहे चालान



न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 02 अगस्त : देहरादून पुलिस ने ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए नई पहल शुरू की है जिसके तहत ट्रैफिक पुलिस अब ड्रोन के माध्यम से चालान कर रही है । शहर के सभी मुख्य मार्गों पर ड्रोन तैनात किए गए हैं जिनसे आप ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले पुलिस की नजर से बच नहीं पाएंगे , साथ ही यह ड्रोन अवैध अतिक्रमणों को चिन्हित कर अतिक्रमण करने वालों पर भी गाज गिराने का काम करेंगे


## महाराज बोले लंदन भी मांग रहा है उत्तराखंड का गड्ढा मुक्त ऐप

देहरादून। लोनिवि मंत्री सतपाल महाराज के जिस गड्ढा मुक्त ऐप पर कांग्रेस सवाल उठा रही है, उसकी मांग अब ब्रिटेन तक में हो रही है। खुद महाराज ने कहा कि उनके लंदन प्रवास के दौरान गड्ढा मुक्त ऐप की मांग की गई। इस ऐप में कुछ खामियां हैं, पहले उन्हें ठीक किया जाएगा। पूर्व नेता प्रतिपक्ष प्रीतम सिंह के सरकार चलाने वाला ऐप बनाने पर महाराज ने कहा कि ऐप से चलने वाली कोई सरकार नहीं है। ऐप सुविधा के लिए होता है। आज जमाना आधुनिक तकनीक है। देश आगे बढ़ रहा है। भारत खुद सिंगापुर जैसे देशों के सेटेलाइट को अंतरिक्ष में भेज रहा है। इसी तरह ऐप से भला ही होगा।

# दिमाग को शांत करने के लिए बेहद कमाल हैं ये योग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 02 अगस्त : यह एक विशेष प्राणायाम है, जो आपकी श्वास को नियंत्रित करती है. इसमें सांस लेते समय एक नथुने को बंद रखना और फिर सांस छोड़ते समय दूसरे नथुने को बंद रखना होता है. इसके बाद दूसरे नथुने के साथ ये प्रक्रिया दोहराई जाती है. ऐसा करने से आपके नर्वस सिस्टम संतुलित होती है और समय के साथ यह आपके तनाव को कम करती है , इस हठ योग में आपको पीछे की ओर झुकना होता है. भुजंगासन करने के लिए आपको पेट के बल सीधे लेटना होता है और अपने ऊपरी शरीर को ऊपर उठाना होता है. भुजंगासन से तनाव दूर करने में काफी मदद मिलती है. इसके साथ ही यह आपकी बाहों, कंधों और ऊपरी पीठ को मजबूत करता है. स्ट्रेस और चिंता को दूर करने के लिए बालासन को बहुत ही उत्तम आसन माना जाता है. इस मुद्रा में आपको घुटनों को आपके नीचे और आपकी छाती को चटाई के पास टक करके रखना होता है. कम से कम 10 मिनट तक इस स्थिति में रहना होता है. अपने एक पैर को लें और इसे अपने दूसरी पैर के ऊपर जांघ पर रखें. वृक्षासन एक एडवांस माउंटेन मुद्रा है, जिसका उद्देश्य आपके संतुलन और एकाग्रता में सुधार करना है. यह हमारे पैरों की बैलेंसिंग मसल्स को मजबूत करने में भी मदद करता है. अगर आप ऊपर दी गई किसी भी मुद्रा को ट्राई नहीं करना चाहते हैं, तो आप शवासन तो कर ही सकते हैं. इसमें आपको केवल चटाई पर आंखें बंद करके लेटना होता है. लेकिन इस छोटे से आसन से आपका तनाव काफी हद तक कम हो जाता है.


सांकेतिक चित्र

# शाबाश दून पुलिस : 24 घंटे के अन्दर किया मर्डर का खुलासा

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

देहरादून 02 अगस्त : नगर निगम के सफाई कर्मी के द्वारा 112 पर सूचना दी गई कि सेन्टिरियो मॉल के पास कूड़ेदान के निकट एक अज्ञात महिला की लाश पड़ी हुई है। सूचना पर कोतवाली डालनवाला और शहर कोतवाली का पुलिस बल मौके पर पहुँचा। महिला को देखकर स्पष्ट हो रहा था कि उसकी हत्या कर शव को छिपाने के उद्देश्य से कूड़ेदान के पास डाला गया है। मौके पर फील्ड यूनिट की टीम बुलाकर साक्ष्य संकलन आदि की कार्यवाही की गयी उच्चाधिकारियों द्वारा मौके पर आकर निरीक्षण घटनास्थल किया गया।

शव की बरामदगी का स्थल धारा-चौकी होने के कारण संबंधित चौकी द्वारा शव के शिनाख्त के काफी प्रयास किये, परन्तु शिनाख्त नही हो पायी। कोतवाली नगर की महिला उप-निरीक्षक के द्वारा शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भिजवाया गया तथा शव की शिनाख्त हेतु प्रयास करते हुए शव को 72 घंटे के लिये सुरक्षित रखने हेतु संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया गया। जांच में हत्या की पुष्टि होने के उपरांत उप-निरीक्षक आशीष रावत चौकी प्रभारी धारा द्वारा कोतवाली डालनवाला पर इस संबंध में मु0अ0सं0 154/2023 धाराः 302, 201 भादवि बनाम अज्ञात पंजीकृत कराया, जिसकी विवेचना व0उ0नि0 डालनवाला प्रदीप नेगी द्वारा प्रारंभ की गयी।

वीआईपी क्षेत्र में मुख्य सड़क के पास हुई इस प्रकार की घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस उप-महानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा घटना के यथाशीघ्र अनावरण एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक नगर सरिता डोभाल के



निर्देशन में तथा पुलिस उपाधीक्षक डालनवाला अभिनय चौधरी के पर्यवेक्षण में तत्काल अलग-अलग टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। पुलिस द्वारा मृतका की शिनाख्त हेतु शव के फोटोग्राफ सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से प्रसारित किये गये। मृतका की शिनाख्त मूल निवासी- बिजनौर उत्तर प्रदेश हाल निवासी नालापानी रोड डालनवाला उम्र- 35 वर्ष के रूप में हुयी है। मृतका के परिजनों ने बताया कि उक्त महिला पूर्व में भी समय-समय पर बिना बताये अपने घर से बाहर चली जाया करती थी और काफी समय बाद वापस आया करती थी। गठित पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आस पास के सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन करते हुए मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया,

इसी बीच सीसीटीवी फुटेजों के अवलोकन के दौरान टीम को प्रातः करीब 03 बजे के आस-पास एक व्यक्ति उक्त महिला के शव को घसीटते हुए रोड के विपरीत साइड से लाकर कूड़ेदान के पास छोड़कर जाता हुआ दिखाई दिया। फुटेज से प्राप्त व्यक्ति के हुलिये के मिलान हेतु टीमो द्वारा आस-पास के लोगों से पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि फुटेज में दिखाई दे रहा व्यक्ति वहीं पास में ही स्थित सुलभ शौचालय के बगल में बने एक कच्चे मकान में रहने वाला तथा सुलभ शौचालय का कर्मचारी राजेश पुत्र मुन्नू उम्र 37 वर्ष निवासी कैनाल रोड, बॉडीघाट नदी किनारे, थाना राजपुर, जनपद देहरादून है।

बताये गये हुलिये के व्यक्ति के पास टीम पहुंची तो वो पुलिस को देखकर घबरा गया, जिस पर पुलिस को उस व्यक्ति की भूमिका संदिग्ध लगी। उसके शरीर पर काफी खरोंच के निशान थे, जिनके बारे में उसने बताया कि झाडियों से उसके शरीर पर खरोंचे आई है। दौराने विवेचना जब संदिग्ध राजेश के कमरे की तलाशी ली गयी तो उसके कमरे में खून के दाग दीवार पर पडे मिले तथा रक्तरंजित लोअर और कंबल तथा खून लगा हुआ एक छोटा एलपीजी सिलेंडर बरामद हुआ। इसके बाद संदिग्ध राजेश का घटना में सम्मिलित होने का शक यकीन में बदलने पर पुलिस टीम द्वारा उससे गहरायी से पूछताछ की गयी तो उसने अपना अपराध कबूल कर लिया। अभियुक्त को अन्तर्गत धारा- 302, 201 भादवि में रात्रि 09.02 बजे गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ का विवरणः- पूछताछ करने पर अभियुक्त ने बताया कि दिनांक 30-07-2023 की रात को करीब 09.00 बजे जब वह रेलवे स्टेशन के पास शराब के ठेके के बाहर शराब पी रहा था तो मृतका भी उसे वहीं पर मिली थी, वह भी वहीं पर शराब पी रही थी। दोनो के बीच बातचीत होने के बाद उक्त महिला को वह अपने साथ अपने सुलभ शौचालय के बगल वाले कमरे में लेकर आ गया। कमरे में आने के बाद भी अभियुक्त व मृतका दोनों ने साथ बैठकर फिर से शराब पी। नशे में आने के बाद जब अभियुक्त ने उक्त महिला के साथ जबरदस्ती करने की कोशिश की तो महिला ने विरोध किया और अभियुक्त को काट दिया, जिसके बाद अभियुक्त को बहुत गुस्सा आ गया और नशे में होने के कारण महिला के सिर को 3-4 बार दीवार पे मारा और कमरे में रखे छोटे एलपीजी सिलेंडर से महिला के सिर व चेहरे पर वार किये, जिससे वह अचेत हो गयी थी।

फिर नशे की हालत में ही अभियुक्त ने उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में नशा कम होने पर देखा कि महिला की मौत हो गयी है तो साक्ष्य छिपाने व बचने के लिए उसने शव को सड़क दुर्घटना की भांति दिखाने के लिए सड़क के किनारे रख दिया था। पकड़े गये अभियुक्त राजेश उपरोक्त के द्वारा उक्त महिला के साथ दुष्कर्म करने की बात स्वीकार की गई, जिस पर उक्त अभियोग में धारा 376 भादवि की बढोत्तरी की गयी है।

नाम व पता अभियुक्तः- राजेश पुत्र मुन्नू नि0 कैनाल रोड, बॉडी घाटी नदी किनारे, थाना राजपुर, जनपद देहरादून उम्र 37 वर्ष

पर्यवेक्षण व निर्देशनः

01ः सरिता डोभाल, पुलिस अधीक्षक नगर02ः अभिनय चौधरी, पुलिस उपाधीक्षक, डालनवाला,पुलिस टीमः- 1. राजेश साह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली डालनवाला देहरादून2. व0उ0नि0 प्रदीप नेगी, कोतवाली डालनवाला देहरादून3. उ0नि0 ओम प्रकाश, चौकी प्रभारी हाथी-बड़कला, कोतवाली डालनवाला देहरादून4. उ0नि0 आशीष रावत चौकी प्रभारी धारा, कोतवाली नगर जनपद देहरादून ।5. हे0का0 417 ना0पु0 भगवान सिंह कठैत, का0 917 ना0पु0 विजय सिंह, का0 1403 ना0पु0 गजेन्द्र सिंह, का0 चालक मोहन राम, कोतवाली डालनवाला देहरादून

# पीड़ित परिवार को न्याय दिलाना पुलिस का काम : एसएसपी अजय सिंह

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

हरिद्वार 02 अगस्त : दिनांक 26.07.2023 को टिबड़ी रोड़ किनारे झाड़ियों के बीच गड्ढे में मिला अज्ञात युवती का कंकाल तमाम समाचार पत्रों में सुर्खियां बना था। कंकाल की पहचान न हो पाने पर पुलिस टीम ने आसपास के थानों में दर्ज की गई गुमशुदगियों का मिलान किया गया लेकिन डाटा मैच न होने के कारण शव की पहचान एक मुश्किल टास्क साबित हो रहा था।

दिनांक 30.07.2023 को रामप्रसाद पुत्र सलेखू हाल निवासी रावली महदूद द्वारा थाना सिडकुल में जाकर अपनी पुत्री रवीना के दिनांक 11.07.2023 से लापता होने एवं आस पड़ोस व मुल पते किरतपुर बिजनौर में तलाश करने के बाद भी न मिलने की जानकारी देते हुए गुमशुदगी दर्ज कराई गई।

जांच में जुटी कोतवाली रानीपुर, थाना सिडकुल व सीआईयू हरिद्वार की संयुक्त टीम ने मृतका के पुराने सिम की सीडीआर से सामने आए तमाम किरदारों से अनेक दौर की पूछताछ के पश्चात सिडकुल की एक कम्पनी में बतौर सुपरवाईजर काम कर रहे मृतका के प्रेमी पुनीत निवासी धामपुर बिजनौर को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। सख्ती से पूछताछ करने पर पूरे घटना का खुलासा हुआ। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल तथा मृतका के विभिन्न पहचान पत्र भी बरामद किये गए।

ये था हत्या का कारण- मृतका व अभियुक्त के बीच बीते कई वर्षो से प्रेम सम्बन्ध थे किन्तु अलग-अलग समुदाय से ताल्लुक रखने के कारण परिजन दोनों के विवाह के लिए राजी




नहीं थे। रिश्ता न हो पाने पर आरोपी पुनीत ने फरवरी माह में किसी अन्य युवती से शादी कर ली थी और मृतका रवीना की भी सगाई हो चुकी थी किन्तु शादी के बाद भी अभियुक्त पुनीत मृतका को कहीं और शादी करने से मना करते हुए प्रेम सम्बन्ध बनाने के लिए दबाव बना रहा था। दबाव से तंग आकर मृतका द्वारा पुराना सिम बदलने तथा नया सिम चलाने पर कथित प्रेमी ने तैश में आकर रवीना को दिनांक 11.07.2023 को सुनसान जगह पर ले गया और हत्या कर दी।

पुलिस टीम कोतवाली रानीपुर-

1- प्रभारी निरीक्षक नरेन्द्र सिंह बिष्ट2- व.उ.नि. नितिन चौहान3- उ.नि. नंदकिशोर ग्वाड़ी4- उ.नि. मनोज सिरोला5- उ.नि. यशवीर नेगी6- कां. दीप गौड़7- कां. विवेक गुसांई8- कां. रविन्द्र 9- कां. अजीत राज

**पुलिस टीम थाना सिडकुल-**

1- थानाध्यक्ष नरेश राठौर 2 - उ.नि. इन्दर सिंह गड़िया

**पुलिस टीम सीआईयू हरिद्वार-**

1- निरीक्षक विजय सिंह2- उ.नि. पवन डिमरी3- अ.उ.नि. सुन्दर 4- हे.का. पदम5- कां. वसीम6- कां. हरवीर7- कां. उमेश

# वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्वेता चौबे ने क्राइम मीटिंग में दिए निर्देश





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी , 2 अगस्त , ऑनलाईन सीएम हेल्प लाईन से सम्बन्धित शिकायतों पर समय से त्वरित कार्यवाही करने के दिए कडे निर्देश दिए गए हैं। वहीँ शराब व मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध अपेक्षित कार्यवाही न होने पर जताई नाराजगी भी जताई है। एसएसपी श्वेता चौबे ने इस दौरान लक्ष्मणझूला क्षेत्रान्तर्गत श्री नीलकंठ कांवड़ मेले के सकुशल समापन होने पर पुलिस बल को बधाई देकर उनका उत्साहवर्धन भी किया । लक्ष्मणझूला में मासिक अपराध गोष्ठी में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी श्रीमती श्वेता चौबे ने अधीनस्थों को आइये जानते है क्या आवश्यक दिशा निर्देश दिये है ।

थानों पर प्राप्त ऑनलाईन सीएम हेल्प लाईन से सम्बन्धित शिकायतों पर समय से नियमानुसार त्वरित कार्यवाही करते हुये शिकायतकर्ताओं से ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से वार्ता करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस मुख्यालय स्तर से चल रहे अभियान "ऑपरेशन प्रहार" के अन्तर्गत दो वर्षों में जो भी धोखाधड़ी, भूमि सम्बन्धी आदि मामले हुये हैं, सम्बन्धित अभियुक्तों के विरुद्ध गैंगस्टर की कार्यवाही करते हुये अभियुक्तों द्वारा अवैध रूप से अर्जित की गयी सम्पत्ति को कुर्क करने की कार्यवाही करेंगे।पोक्सो एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत मामलों में पीडितों को समय से आर्थिक सहायता प्रदान करने हेतु विवेचक नियमानुसार तत्काल कार्यवाही करेंगे।समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में प्रत्येक माह में तीन बार ग्राम सुरक्षा समिति व सी0एल0जी0 की बैठक लेने के साथ-साथ बीट पुलिसिंग को मजबूत करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस मुख्यालय, रेंज, जनपद मुख्यालय व सीधे थानों पर प्राप्त होने वाले शिकायती प्रार्थना पत्रों को बेवजह लम्बित न रखकर नियमानुसार कार्यवाही करेंगे।

समस्त क्षेत्राधिकारी अपने-अपने सर्किलों पर 06 माह से अधिक लम्बित विवेचनाओं के सम्बन्ध में नियमित अन्तराल में ओ0आर0 लेते हुये उनके निस्तारण की नियमानुसार कार्यवाही करेंगे। साथ ही बार-बार शराब की खरीद फरोक्त में शामिल रहने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध गुण्डा एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये जिला बदर करने की कार्यवाही करेंगे। समस्त थाना प्रभारियों द्वारा विगत माह में शराब व मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले अभियुक्तों के विरुद्ध बहुत कम कार्यवाही की गयी है जिस हेतु भविष्य में अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत उल्लंघनकर्ताओं पर डीएल निरस्तीकरण के सम्बन्ध में थाना सतपुली व लक्ष्मणझूला द्वारा अच्छी कार्यवाही की गयी है शेष थानों द्वारा संन्तोषजनक कार्यवाही नहीं की गयी है जिस हेतु सभी प्रभारियों को मोटर वाहन अधिनियम के तहत अधिक से अधिक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत छात्रों, श्रमिकों, किरायेदारों, घरेलू नौकरों, फड़-फेरी, मजदूरों, बाहरी व्यक्तियों, संदिग्ध रूप से घूम रहे व्यक्तियों के सत्यापन की कार्यवाही कर उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही करने के कड़े निर्देश दिये गये।

साईबर अपराधों की रोकथाम हेतु अधिक से अधिक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को साईबर ठगों द्वारा अपनाये जा रहे नये-नये तरीकों से अवगत कराकर बचाव के तरीके समझाकर जागरुक किया जाय। साथ ही साईबर सेल प्रभारी को शिकायतकर्ताओं की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए साईबर ठगों द्वारा हड़पी गयी धनराशि की रिकवरी हेतु तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। मीटिंग में क्षेत्राधिकारी श्रीनगर/कोटद्वार/ऑपरेशन, मुख्य अग्निशमन अधिकारी आदि समस्त थाना एवं शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

# SSP श्वेता चौबे ने क्यों पहनी फूलों की माला ? जानिए वजह





**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

पौड़ी , 2 अगस्त , आप अक्सर पुलिस की ढुलमुल कार्यवाही , सुस्त जांच और निराशाजनक व्यवहार की खबरें सुनते होंगे। हांलाकि खाकी के बारे में भले ही अन्य प्रदेशों में अलग अलग रे नज़र आती हो लेकिन कम से कम उत्तराखंड जैसे पर्यटन प्रदेश में अक्सर बेहतरीन पुलिसिंग और शानदार पुलिस अफसरों की कहानियां सोशल मीडिया से लेकर आम जन जीवन में सुनाई और दिखाई देती है। ऐसे ही एक खबर आयी है पौड़ी से , जहाँ खाकी को गुलाब की माला पहना कर शुक्रिया कहा गया है।

**डीजीपी अशोक कुमार की लीडरशिप में निखर रही मित्र पुलिस**

हम बात कर रहे हैं श्री नीलकंठ महादेव मंदिर में श्रावण मास के अन्तिम सोमवार के दिन जलाभिषेक होने पर परमार्थ निकेतन लक्ष्मणझूला में एसएसपी श्वेता चौबे और उनकी टीम को दिए गए विशेष सम्मान की , जहाँ पुलिस कर्मियों ने माँ गंगा की आरती कर कर्तव्य निभाने की शक्ति और सामर्थ का आशीर्वाद लिया । दरअसल इस आयोजन के साथ ही शानदार ड्यूटी निभाने वालों के सम्मान में डिनर भी आयोजित किया गया था। उत्कृष्ट कार्य करने वाली पुलिस टीम का सम्मान कर कांवड़ मेले में पुलिस का सहयोग कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विशेष पुलिस अधिकारी (एस.पी.ओ.) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया ।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदया पौड़ी श्रीमती श्वेता चौबे ने सभी अधिकारी/कर्मचारियों की सराहना करते हुए उन्हें बधाई दी है , हांलाकि उन्होंने भविष्य में भी इसी प्रकार पूर्ण लगन व कर्तव्य निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों को निभाने की प्रेरणा भी दी है।

अपनी ड्यूटी को बड़ी लगन व मेहनत से करने पर एसएसपी ने पुलिस टीम का सम्मान कर कांवड़ मेले में पुलिस का सहयोग कर महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले विशेष पुलिस अधिकारी (एस.पी.ओ.) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। लेकिन इसी दौरान परमार्थ निकेतन के नाम से फेक वेबसाइट बना कर धोखाधड़ी का खुलासा करने वाली टीम को भी परमार्थ निकेतन स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने सम्मानित किया । इस दौरान स्थानीय जनता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी व ड्यूटी में लगे सभी पुलिस बल कीदिल खोल कर प्रशंसा की।

# क्या सच में किसी के याद करने पर आती है हिचकियां, या कोई और है वजह

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**



ब्यूरो रिपोर्ट 02 अगस्त : अक्सर जब भी हमें हिचकी आती है, तो हम यही सोचते हैं कि कोई खास हमें याद कर रहा है। दिल को खुश करने के लिए ये ख्याल अच्छा है लेकिन इसकी वैज्ञानिक वजह कुछ और ही होती है। असल में हिचकी तब आती है जब हमारी सांसों और पाचन क्रिया में किसी तरह की गड़बड़ी हो जाए। हिचकी आने पर इसे रोकने की कोशिश करनी चाहिए। आमतौर पर हिचकी कुछ ही देर में अपने आप ठीक हो जाती है। लेकिन, अगर यह लंबे समय तक रुके नहीं, तो इसका इलाज जरूरी हो जाता है।

डायाफ्राम एक मांसपेशी है, जो सांस लेने के अंगों को पाचन क्रिया के अंगों से अलग करती है। जब आप सांस लेते हैं, तो आपका डायाफ्राम सिकुड़ता है और फेफड़ों को हवा भरने के लिए जगह मिलती है। जिसके कारण आप सांस ले पाते हैं। सांस छोड़ते समय यह आराम की स्थिति में आ जाता है। जब किसी परेशानी के कारण इस डायाफ्राम में अनैच्छिक सिकुड़न या ऐंठन हो जाए तो, आवाज निकालने वाली नली जिसे वोकल कॉर्ड भी कहते हैं, वह कुछ समय के लिए बंद हो जाती है, जिससे 'हिक' या 'हिच' की आवाज आती है। इसी समस्या को ही आम भाषा में हिचकी या अंग्रेजी में हिकप्स और विज्ञान में सिगुलेटस कहते हैं।

जल्दी-जल्दी हड़बड़ी में खाना , अधिक तीखा या गर्म खाना खा लेना,पेट में गैस होना,बहुत अधिक नर्वस होना, अधिक उत्तेजित होना, कार्बोनेटेड ड्रिंक या सोडा पीना , शराब का सेवन, कोई भी ऐसी क्रिया करना जिसमें आप गलती से हवा निगल जाएं जैसे च्यूइंगम खाना, नर्वस सिस्टम में नसों में हुई किसी परेशानी से लंबे समय तक हिचकी आ सकती है ,किसी दवा का साइड इफेक्ट , ठंडा पानी पिएं जिससे उत्तेजित डायाफ्राम शांत होता है। कुछ सेकंड के लिए सांस रोक कर दोबारा छोड़ें। ध्यान भटकाने की कोशिश करें, या किसी डरावनी बात का जिक्र करें जिससे दिमाग दूसरी तरफ भटक जाए। ऐसा करने से दिमाग हिचकी से ध्यान हटा कर पाचन क्रिया पर ध्यान केंद्रित करने के संकेत देता है, जिससे हिचकी रुक जाती है। यही वजह है कि अक्सर कहा जाता है कि हिचकी आने पर कोई याद कर रहा है, जिससे इंसान का दिमाग यह सोचने पर जोर डालने लगे कि कौन याद कर सकता है और उसका ध्यान बंट जाए और हिचकी रुक जाए।

# उत्तराखंड में बिना डिब्बों के ही चल पड़ी ट्रेन, 3 किमी आगे जाने के बाद आया चालक को होश

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

उत्तराखंड 02 अगस्त : मान लीजिए कि आप की रात की 9 बजे की ट्रेन है। आप अपने पूरे परिवार के साथ सामान बांधकर ट्रेन में बैठे हैं। 9 बजते ही ट्रेन चल जाती है मगर आपका कोच नहीं हिलता। आप देखते हैं कि ट्रेन का इंजन दूर जा चुका है मगर आपका कोच वहीं का वहीं प्लैटफॉर्म पर खड़ा हुआ है। ऐसे में आप की क्या हालत होगी। जी नहीं यह कोई मनगढ़ंत कहानी नहीं है बल्कि ऐसा सच में हुआ है। दरअसल रेलवे आजकल गलतियों पर गलतियां कर रहा है। कभी ट्रेन को समय से पहले रवाना कर देता है तो कभी यात्रियों को लिए बिना ही सफ़र शुरू कर देता है।

अब रेलवे स्टेशन टनकपुर से सोमवार को त्रिवेणी एक्सप्रेस का इंजन बिना डिब्बों के ही पटरी पर दौड़ गया। ट्रेन चालक जाने किन ख्वाबों में था कि बिना डिब्बों के ही इंजन पटरियों पर दौड़ा दिया। ट्रेन की रवानगी के बाद उसमें सवार यात्रियों व अधिकारियों को जब इसकी जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। वहीं चालक को देर तक इसका एहसास नहीं हुआ। स्टेशन से तीन किमी बिचई कमलपथ के पास पहुंचने पर चालक को इंजन में डिब्बे न जुड़े होने का आभास हुआ, जिसके बाद इंजन को वापस स्टेशन लाया गया।






साभार - सो.मी.

दरअसल टनकपुर रेलवे स्टेशन से त्रिवेणी एक्सप्रेस सुबह 8:35 बजे गंतव्य को रवाना होती है। सोमवार को ट्रेन का इंजन नियत समय पर गंतव्य को रवाना हो गया, लेकिन कोच पीछे छूट गए। चालक तीन किमी दूर बिचई से कुछ आगे कमल पथ पहुंचा तो उसे इंजन में डिब्बे न लगे होने का अहसास हुआ। उनके इंजन रोककर देखा तो होश उड़ गए। आनन-फानन में चालक इंजन को वापस रेलवे स्टेशन लाया। वहीं इंजन के ट्रेक पर आगे बढने की खबर के बाद रेलवे के अधिकारियों के भी हाथ पांव फूल गए। इंजन के वापस लौटने पर सभी ने राहत की सांस ली। गनीमत रही कि किसी तरह की हानि नहीं हुई।

# इन छोटे-छोटे बदलावों से दूर की जा सकती है नींद न आने की समस्या

**न्यूज़ वायरस नेटवर्क**

ब्यूरो रिपोर्ट 02 अगस्त : नींद हमारे जीवन का एक अनिवार्य पहलू है जो अच्छे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। नींद के दौरान हमारा शरीर सेल्स और टिश्यूज को बनाने और उनकी मरम्मत करता है। नींद सेहत को चुस्त-दुरुस्त रखने के लिए बहुत ही जरूरी है। इसमें किसी भी तरह की बाधा कई गंभीर समस्याओं, जैसे- मोटापा, टाइप 2 डायबिटीज और हृदय रोग की वजह बन सकती है।



नींद की मात्रा और क्वालिटी दो अलग-अलग चीजें हैं। नींद की गुणवत्ता निर्धारित करती है कि आप कितनी अच्छी तरह सोते हैं, जबकि नींद की मात्रा निर्धारित करती है कि आप हर रात कितना सोते हैं। ResMed के स्लीप सर्वे 2023 के अनुसार, 58% भारतीय खर्राटों को अच्छी नींद का संकेत मानते हैं, वे इस तथ्य से अनजान हैं कि खर्राटे ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया (OSA) और अन्य नींद से जुड़ी कई समस्याओं का एक गंभीर लक्षण होता है। ये खतरनाक आंकड़े भारतीयों के बीच नींद की गुणवत्ता में सुधार के लिए प्रभावी उपायों की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हैं। ये चीजें आपकी नींद की क्वालिटी सुधारने में आपकी सहायता कर सकते हैं।

नींद के अनुकूल वातावरण बनाने से आपकी नींद की गुणवत्ता में सुधार करने में मदद मिल सकती है। सोने से पहले इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों या स्क्रीन के इस्तेमाल न करें। फोन/टैबलेट जैसे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकलने वाली नीली रोशनी स्लीप हार्मोन मेलाटोनिन के उत्पादन को बाधित कर सकती है, जो हमारे सोने-जागने के चक्र को नियंत्रित करता है। बेहतर नींद को बढ़ावा देने के लिए, नींद लाने वाली एक्टिविटी पर ध्यान दें, जिसमें- शाम को कमरे की रोशनी कम रखना, गर्म पानी से स्नान करना, किताबें पढ़ना, ध्यान या गहरी सांस लेने के व्यायाम का अभ्यास करना शामिल हैं।

# पौड़ी में लावारिस कुत्तों का आतंक, एक माह में 13 लोगों को काटा

पौड़ी। शहर में लावारिस कुत्तों की दहशत से लोगों को निजात नहीं मिल पा रही है। मंगलवार को भी आवारा कुत्तों ने शहर के अलग-अलग स्थानों में तीन लोगों को काट डाला। एक माह के भीतर शहर में लावारिस कुत्तों द्वारा 13 लोगों को काटकर घायल कर दिया है। कुत्तों के काटने की लगातार घटनाओं से शहरवासी दहशत में जीने को मजबूर हैं। मंगलवार को स्थानीय लोग कुत्तों के हमले में घायल लोगों के साथ डीएम कार्यालय पहुंचे और एसडीएम से मुलाकात कर समस्या से निजात दिलाने की मांग की। पौड़ी शहर में इन दिनों शहरवासी झुंड में घूम रहे आवारा कुत्तों से खासे परेशान हैं। बीते सोमवार को कुत्तों ने स्कूल जाती एक पांच वर्षीय बालिका को बुरी तरह काट दिया था। सोमवार को देर शाम तक आवारा कुत्तों ने 5 लोगों को काट दिया था। मंगलवार को भी कोटद्वार रोड़ पर बैंक के समीप, लक्ष्मी नारायण मंदिर के समीप अलग-अलग स्थानों पर लावारिस कुत्तों ने तीन लोगों पर अचानक हमला कर घायल कर दिया। घटना से आक्रोशित काफी संख्या में स्थानीय लोग मंगलवार को डीएम कार्यालय पहुंचे। इस दौरान उन्होंने एसडीएम मुक्ता मिश्रा ने मुलाकात कर शहर में आवारा कुत्तों से पैदा हो रहे हालात से निजात दिलाने की मांग की। इस दौरान लोगों ने कहा कि आवारा कुत्तों से स्कूल आते-जाते बच्चों के लिए खतरा बना हुआ है। उन्होंने जागरुकता के लिहाज से शहर में वाहनों के माध्यम से एनाउंसमेंट करने के साथ ही समस्या से निजात दिलाने की मांग की। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम मुक्ता मिश्रा ने नगर पालिका के ईओ को मौके पर बुलाया।

## मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे सफाईकर्मी

पौड़ी। नगर पंचायत सतपुली के सफाईकर्मी अपनी मांगों को लेकर मंगलवार से कार्यबहिष्कार कर अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे गए। सफाईकर्मियों का कहना है कि आउटसोर्सिंग कंपनी द्वारा उनको पीएफ भुगतान कंपनी द्वारा तय मानक के अनुसार नहीं होता है। सफाईकर्मियों को कहना है कि इन मांगों के साथ अन्य मांगों को लेकर तहसील दिवस पर भी अवगत कराया गया था, लेकिन समुचित कार्यवाही नहीं हुई जब तक उचित कार्यवाही नहीं होती है तब तक धरना चलता रहेगा। नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी सीमा रावत का कहना है कि इस मामले को लेकर और उसी की कंपनी को जल्द ही मामले को सुलझाने की चेतावनी दी गई है अगर इस मामले में कोई समाधान नहीं होता है तो अग्रिम कार्यवाही की जायेगी।

# संक्षिप्त खबरें

## डीएम ने किया आपदा प्रभावित क्षेत्र रौली का निरीक्षण

पौड़ी। बीती 20 जुलाई को भारी बारिश से क्षतिग्रस्त हुए कैन्यूर बैंड-पीटसैंण मोटर मार्ग पर बगवाड़ी गांव के पास निर्माणाधीन पुल का डीएम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने लोनिवि के अफसरो को तीन सप्ताह के भीतर बैली ब्रिज(पुल) का निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए। यहां पर लोनिवि ने बैली ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू कर दिया था लेकिन लगातार हो रही मूसलाधार बारिश से पुल का निर्माण कार्य करने में दिक्कतें हो रही है। मंगलवार को डीएम डा.आशीष चौहान ने पुल के टूटने से प्रभावित क्षेत्र के 10 गांवों में शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का निदान करने के लिए एसडीएम थैलीसैंण श्रेष्ठ गुनसोला को निर्देश दिए। तहसील थलीसैंण के अंतर्गत विगत 20 जुलाई को रौली में बादल फटने के कारण कैन्यूर बैंड- पीटसैंण मोटर मार्ग पर बगवाड़ी गांव के पास बना पुल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। डीएम ने प्रभावित गांव रौली का निरीक्षण करते हुए गांव के विस्थापन संबंधी मांग पर एसडीएम को गांव का सर्वे करने के निर्देश दिए। साथ ही गदेरे के कारण खतरे की संभावना वाले परिवारों को अस्थाई निवास में ठहराने के लिए कहा। डीएम ने गांव में खुली विद्युत लाइनों को हटाकर लैमिनेटेड वायर बिछाने के निर्देश बिजली विभाग के अफसरो को दिए। इस मौके पर अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग विवेक सेमवाल, तहसीलदार आनंदपाल आदि शामिल रहे।

## सेवानिवृत्ति पर एडी को दी विदाई

पौड़ी। अपर निदेशक डॉ अशोक कुमार पशुपालन को सेवानिवृत्ति पर विदाई दी गई। डॉ अशोक कुमार ने विभाग में 34 साल की सेवा दी और इस दौरान वे विभिन्न जिलों में तैनात रहे। उन्होंने 1989 में उत्तरकाशी के नौटवाड से अपनी सेवाएं शुरू की थी और 2010 में विभाग में अपर निदेशक बने। एडी के तौर पर गढ़वाल मंडल में उन्होंने दस साल से अधिक सेवाएं दी। एडी दफ्तर पौड़ी में विभागीय अफसरों और कार्मिकों ने डॉ अशोक को विदाई दी और उनके कार्यकाल की सराहना की। इस दौरान पौड़ी के सीवीओ डॉ डीएस बिष्ट, डा. केके जोशी, डॉ एसके सिंह, डॉ डी. जोशी, परियोजना निदेशक डा. एसके बड़थ्वाल, डॉ अशोक, सीवीओ चमोली, डॉ. पी नाथ आदि मौजूद रहे।

## सडक़ से जुड़ सकेगा कर्णप्रयाग का सिरतोली गांव

चमोली। ब्लाक का दूरस्थ गांव सिरतोली अब जल्द सडक़ से जुड़ सकेगा। गांव के लिए शासन ने प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। सडक़ बनने के बाद ग्रामीणों को अब पांच किमी पैदल दूरी नापने से छुटकारा मिल सकेगा। उधर, कर्णप्रयाग के विधायक अनिल नौटियाल कि सिरतोली सडक़ का का मामला लंबे समय से लंबित था। लेकिन अब इसमें वित्तीय स्वीकृति मिलते ही टोकन मनी जारी हो गई है। वहीं सिमली बाजार से सिमली गांव तक और बगोली बाजार से बगोली गांव तक की सडक़ की भी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी हो चुकी है।

## मौर्य के बयान पर शंकराचार्य ने आपत्ति जताई

चमोली। ज्योतिष पीठ के बद्रीकाश्रम के शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने बद्रीनाथ मंदिर को बौद्ध तीर्थ मठ कहे जाने पर घोर आपत्ति जताई है। शंकराचार्य ने कहा बद्रीनाथ सतयुग से ही करोड़ों हिन्दुओं, सनातन धर्मियों की आस्था का धाम है। भगवान बदरी विशाल इस पवित्र धाम में लोक कल्याण के लिए तप रत है। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने कहा स्वामी प्रसाद मौर्य ने अपनी राजनीति चमकाने के लिए पहले रामचरित मानस पर टिप्पणी की और अब बदरीनाथ जो सदैव से हिन्दुओं का नाम है। उसे बौद्ध मठ कह रहे हैं। जिसका न कोई आधार है। न औचित्य न प्रमाण। ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य ने कहा स्वामी प्रसाद मौर्य न इतिहास कार हैं और न धार्मिक जानकारी रखने वाले। शंकराचार्य ने कहा बद्रीनाथ को स्वामी प्रसाद मौर्य किस आधार पर बौद्ध तीर्थ कह रहे हैं। अगर उनके पर कोई प्रमाण है । तो सामने लायें। वरना इस तरह की आधारहीन बात कदापि न करें। शंकराचार्य ने कहा स्वामी प्रसाद मौर्य अपने बयान को शीघ्र वापस लें । ज्योतिष पीठ बद्रीकाश्रम के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा उन्होंने इस विषय पर स्वामी प्रसाद मौर्य से फोन पर वार्ता का प्रयास भी किया। पर बात नहीं हो सकी।

# उत्तराखंड के 6 जिलों में बनाई जाएंगी 36 नई सड़कें, सरकार ने दिया ग्रीन सिग्नल

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



उत्तराखंड 02 अगस्त : उत्तराखंड में भले ही विकास के बड़े-बड़े दावे किए गए हों मगर असलियत तो यह है कि उत्तराखंड के कई गांवों में आज तक लोगों को एक पक्की सड़क तक नसीब नहीं हुई है। ऐसे में सरकार की एक अनूठी पहल के तहत उत्तराखंड के कई दूरस्थ गांव तक सड़क पहुंचाई जाएगी। जी हां, उत्तराखंड के 6 जिलों में 'मेरा गांव मेरी सड़क योजना' के अंतर्गत 36 सड़कें बनाई जाएंगी। गांवों की बेहतर कनेक्टिविटी और सुगम यातायात को लेकर उत्तराखंड की ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने इन सड़कों से संबंधित प्रस्तावों को स्वीकृति दे दी है।

लोक निर्माण विभाग व प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (PMGSY) की परिधि से बाहर के संपर्क विहीन गांवों को सड़क से जोड़ने की दिशा में सरकार निरंतर प्रयास कर रही है। इसी के तहत यह मैंने लिया गया है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को आसानी हो। कैबिनेट मंत्री के अनुसार अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, देहरादून, ऊधमसिंह नगर, हरिद्वार व टिहरी में सड़कें बनना प्रस्तावित हैं। इनमें सर्वाधिक 21 सड़कें देहरादून जिले की हैं। उन्होंने बताया कि इस योजना में मुख्य सड़क से एक किमी की दूरी पर स्थित संपर्क विहीन गांवों के लिए सड़क का निर्माण कराया जाना प्रस्तावित है। बता दें कि राज्य गठन के 22 साल बाद भी प्रदेश में छह हजार से अधिक गांवों में सड़क नहीं पहुंची है। हालत यह है कि 84 गांवों के लोग आज भी 10-10 किमी पैदल चलने को मजबूर हैं। इतना रास्ता नापने के बाद वे मोटर मार्ग तक पहुंच पाते हैं।

प्रदेश में 5828 गांव आज भी शून्य से पांच किमी तक के फ़ासले पर हैं। यह खुलासा ग्राम्य विकास एवं पलायन निवारण आयोग की दूसरी अंतरिम रिपोर्ट से हुआ है। आयोग ने प्रदेश के पलायन की जिन प्रमुख समस्याओं को जिम्मेदार माना है, उनमें सड़कें भी हैं। अच्छी सड़कों के अभाव में ग्रामीणों को स्वास्थ्य जैसी महत्वपूर्ण सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं होती हैं। इस कारण उन्हें पलायन करना पड़ रहा है, जहां आजीविका या रोजगार के साथ उन्हें अन्य सुविधाएं भी आसानी से मिल जाएं। ऐसे में उम्मीद है कि सरकार की यह पहल काफ़ी मददगार साबित होगी।

# नॉर्थ इंडिया पावर लिफ्टिंग स्ट्रांग मैन चैंपियनशिप में मोहम्मद कैफ ने किया बिलारी का नाम रोशन

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

ब्यूरो रिपोर्ट 02 अगस्त : नॉर्थ इंडिया पावर लिफ्टिंग स्ट्रांग मैन चैंपियनशिप 2023 आयोजित की गई (A.P.S.A) AMATEUR POWER SPORTS ASSOCIATION XPC-INDIA द्वारा जिसमे बिलारी के मोहम्मद कैफ ने 3 गोल्ड 2 सिल्वर जीत कर बिलारी का नाम रोशन किया और इसी के साथ-साथ मोहम्मद कैफ का नेशनल चैंपियनशिप में चयन भी हो गया। इस चैंपियनशिप में दिल्ली,हरियाणा,उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,राजस्थान,पंजाब और कई अन्य राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

नॉर्थ इंडिया स्ट्रांग मैन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2023 जो की परशुराम हॉल,भारत मंदिर इंटर कॉलेज,ऋषिकेश में हुई। जिसमें मोहम्मद कैफ 85kg कि कैटेगरी में खेले। जिनमे उन्होंने 207kg टायर डेड लिफ्ट को 9 बारी उठाकर और 45kg के भारी डम्बल को एक हाथ से 10 बारी सर से ऊपर उठाकर और साथ ही 25kg कि प्लेट को सीधा रखकर होल्ड किया और तीनों में गोल्ड हासिल किया और इसी के साथ-साथ प्लेट होल्ड का 1 मिनट 40 sec ka रखे रहे और इसके साथ ओवरऑल रिकॉर्ड भी बनाया और इसी के साथ उन्होंने 207kg की डेड लिफ्ट अथवा 124kg कि बेंच प्रेस लगाकर दोनों में दो सिल्वर हासिल किए और इसी के साथ नैशनल पावरलिफ्टिंग चमियनशिप में उनका चयन हो गया।

हम मोहम्मद कैफ के जज्बे को सलाम करते है, जिसने बहुत कम उम्र में और पढाई के साथ-साथ नॉर्थ इंडिया पावर लिफ्टिंग स्ट्रांग मैन चैंपियनशिप में 3 गोल्ड और 2 सिल्वर जीत कर अपने घर वालो और साथ में अपने पुरे बिलारी का नाम रोशन किया , मोहम्मद कैफ का कहना है की अगर हमारे अंदर हौसला है तो हमें कोई नहीं हरा सकता, सभी लोगो का एक टारगेट होता है, तो सिर्फ अपने टारगेट पर फोकस करो तो जीत हमारी होगी , आखिर में मोहम्मद कैफ ने एक दिल को छू लेने वाली शायरी बोली : न हौसले रुके कभी, न सपने हो आंखो से नम, लड़ जाना हर तूफ़ानो से, न रूकने देना अपने कदम।



# आखिर क्यों टिहरी झील में जल समाधि लेने को मजबूर हुए तीन गांवों के लोग

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



साभार - सो.मी.

टिहरी 02 अगस्त : नई टिहरी का भल्ड़गांव यहां के लोग अपने साथ हुए भेदभाव के खिलाफ आंदोलन करने को मजबूर हैं। भल्ड़गांव के लोग पुनर्वास की मांग कर रहे हैं और पिछले कई दिनों से धरने पर बैठे हैं। आंदोलनरत ग्रामीणों ने 30 जुलाई को जल समाधि लेने की चेतावनी दी थी, हालांकि प्रशासनिक अधिकारियों से मिले आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने जल समाधि लेने का निर्णय स्थगित कर दिया है। ग्रामीणों ने प्रशासन को दो दिन का समय दिया है।उन्होंने कहा कि अगर 2 दिन तक समस्या का समाधान न हुआ तो वो बुधवार को जल समाधि लेंगे। टिहरी डीएम व पुनर्वास निदेशक मयूर दीक्षित के आश्वासन पर ग्रामीणों ने फिलहाल जल समाधि लेने का फैसला टाल दिया है। बता दें कि भल्ड़गांव के ग्रामीण पिछले 20 सालों से लगातार विस्थापन की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भूगर्भ वैज्ञानिकों ने अपनी रिपोर्ट में साफ लिखा है कि रोलाकोट, नकोट और भल्ड़गांव खतरे की जद में हैं। इस पर पुनर्वास विभाग ने रोलाकोट और नकोट का विस्थापन कर दिया, लेकिन भल्ड़गांव को छोड़ दिया। इसलिए हमें मजबूर होकर टिहरी झील के किनारे अपनी जान जोखिम में डालकर धरने पर बैठना पड़ रहा है। भल्ड़गांव के ग्रामीण पुनर्वास की मांग को लेकर पिछले 9 दिन से टिहरी झील के किनारे धरने पर बैठे हैं। उन्होंने कहा कि बुधवार को टिहरी डीएम और टिहरी बांध परियोजना के अधिकारियों के साथ ग्रामीणों की बैठक होनी है। उसी के बाद आगे की रणनीति तय की जाएगी। वार्ता सफल रही तो धरना खत्म कर दिया जाएगा। वार्ता के विफल रहने पर ग्रामीण बुधवार को जल समाधि लेंगे।

## संक्षिप्त खबरें

### 4 अगस्त को पौड़ी में दिखाई जाएगी गढ़वाली फिल्म पोथली

पौड़ी। गढ़वाली फिल्म पोथली 4 अगस्त को पौड़ी के प्रेक्षागृह में प्रदर्शित की होगी। इस मौके पर फिल्म के निर्माता निर्देशकों ने पौड़ी में फिल्म का पोस्टर लांच किया। कहा कि फिल्म मौजूदा समय में बेटियों के साथ हुए अत्याचारों पर आधारित है। जो कि किसी भी चरित्र विशेष के बजाए कंटेंट आधारित फिल्म है। मंगलवार को शहर के संस्कृति भवन प्रेक्षागृह में गढ़वाली फिल्म पोथली के आयोजकों ने पत्रकार वार्ता व पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में कहा कि फिल्म पोथली आज कल के मौजूदा हालात को दर्शाती फिल्म है। यह फिल्म 4 अगस्त से लगभग एक सप्ताह दिखाई जाएगी। फिल्म उत्तराखंड व देश के मौजूदा हालात पर बनी व बेटियों के साथ बढ़ रहे घिनौने अपराधों के खिलाफ आवाज उठाती एक फिल्म है। जिसमें शम्भू प्रसाद नाम के एक साधारण से व्यक्ति की कहानी है जो अपनी इकलौती बेटी 17 वर्षी राधा (पोथली) को बहुत प्यार करता है, लेकिन कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा उसकी बेटी पर पहले बलात्कार व फिर हत्या कर दी जाती है। जिसमें क्षेत्र में उत्तराखंड में बाहर से आऐ रसूखदार व खनन माफिया कुवर सिंह का बेटा और उसके दोस्त शामिल होते हैं। कुंवर सिंह पैसे के बल पर सबूत मिटा दिए जाने के बाद एक मजबूर बाप अपनी बेटी को न्याय दिलाने के लिए थाना कोर्ट-कचहरी व दरबदर भटकता हुआ दिखाया गया है, कहानी में शम्भू अंत में मजबूर हो कर कानून हाथ में ले लेता है। फिल्म पोथली में शम्भू प्रसाद की मुख्य और दमदार भूमिका उत्तराखंड के जाने माने अभिनेता रवि ममगाई ने निभाई है, और साथ गोकुल पवार, इंदू भट्ट मंमगाई, ब्रजेश भट्ट, सते सिंह पटवाल, नवल सेमवाल, रोशन उपाध्याय, बबीता महंत, योगेश सकलानी ने भूमिका निभाई है। स्वर कोकिला मीना राणा व जितेंद्र पंवार ने गाए है व संगीत अमित वी कपूर द्वारा दिया गया है। फिल्म की कहानी रूचि ममगाई द्वारा लिखी गई है। फिल्म में कैमरा व एडिटिंग नागेंद्र प्रसाद द्वारा की गई है व सह निर्माता सोहन उनियाल है जबकि सह निर्देशक नवल सेमवाल है व निर्माता व निर्देशन का कार्य स्वयं रवि ममगाई द्वारा किया गया है। इस मौके पर फिल्म के निर्माता निर्देशक रवि ममगाईं व कहानी की लेखिका रुचि मंमगाई, कलाकार सते सिंह पटवाल, व बाल कलाकार तनिष्का मंमगाई मौजूद रहे।

# अजब-गजब : दुनिया के ऐसे देश जहां नहीं है एक भी पेड़

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



सांकेतिक चित्र

ब्यूरो रिपोर्ट 02 अगस्त : पेड़ प्रकृति का महत्वपूर्ण हिस्सा होते हैं जो हवा को शुद्ध करते हैं, जलस्रोतों को नियंत्रित करते हैं और जीवजंतुओं के लिए आवास प्रदान करते हैं। पेड़ों के अभाव में धरती का पोषण संकट में पड़ सकता है और बारिश के पानी की अवधि घट सकती है। इसके अलावा, पेड़ों का अभाव भूमि की संरचना और जीवन के लिए आवश्यक संपदा की कमी का कारण बन सकता है लेकिन आज के आर्टिकल में हम आपको कुछ ऐसा बताने जा रहे हैं जिसे सुनकर आप हैरान हो जाएंगे। जी हां, आज के आर्टिकल में हम आपको उन देशों के बारे में बताएंगे जहां पर एक भी पेड़ नहीं है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार ग्रीनलैंड, कतर और ओमान कुछ ऐसे देश है जहां पेड़ों की कमी होती है या उनका अभाव हो सकता है। इन देशों के जलवायु और भूमि की विशेषताओं के कारण वहां पेड़ प्राकृतिक रूप से नहीं पाए जाते हैं। ग्रीनलैंड वास्तव में एक बड़ा द्वीप है जो उत्तरी ध्रुवीय क्षेत्र में स्थित है। यह द्वीप बर्फीले मैदानों, बर्फदार पहाड़ों और ग्लेशियरों से घिरा हुआ है। इसका नाम ग्रीनलैंड रखा गया है क्योंकि यहां कोई रहता नहीं है और लोग आकर रहने लगें, इसी वजह से इसका नाम पेड़ ना होते हुए भी ग्रीनलैंड रखा गया है। अब बात करते हैं कतर कि तो यह एक रेगिस्तानी देश है और वहां पेड़ों की कमी है। इसे मिट्टीले देश के रूप में जाना जाता है जिसमें तेल के भंडार होते हैं और मोतियों का उत्पादन होता है। इसके प्राकृतिक वातावरण में पेड़ों की कमी होने के बावजूद लोग वहां बहुत आराम से रहते हैं। इसके अलावा, ओमान भी एक ऐसा देश है जहां पेड़-पौधों की कमी है। दशकों पहले, यहां वन क्षेत्रों का आकार 0.01% था लेकिन 1990 के बाद से वन क्षेत्रों का आकार 0.0% पर पहुंच गया है। हालांकि, अब लोग पेड़ों की संरक्षण और पौधरोपण के लिए प्रयास कर रहे हैं।

पेड़ों द्वारा की जाने वाली श्वसन प्रक्रिया में, पेड़ कार्बन डाइऑक्साइड ($CO_2$) को अवशोषित करते हैं और ऑक्सीजन उत्पन्न करते हैं। यह प्रक्रिया वायु में मौजूद धूल और वायु प्रदूषकों को कम करने में मदद करती है और वायु गुणवत्ता को बेहतर बनाती है। जलवायु नियंत्रण पेड़ों के वृक्षों के छाया द्वारा जमीन पर सतही प्रकार में गर्मी को रोका जाता है। इससे तापमान नियंत्रित रहता है और जलवायु को सुखावट से बचाया जाता है। पेड़ों की जड़ें और पत्तियाँ वर्षा के पानी को संचित करने में मदद करती हैं, जिससे सतही जल स्रोतों का पुनर्जनन होता है और जल संरचना सुधारती है।

## डीएम से लगाई न्याय की गुहार

रुद्रप्रयाग। भूमि और पारिवारिक विवाद से परेशान मैखंडा तल्ला निवासी राकेश अनवाल ने जिलाधिकारी सौरभ गहरवार से न्याय की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि वह इस मामले में डेढ़ साल से परेशान है और दर-दर की ठोकरें खा रहे हैं किंतु उन्हें न्याय नहीं मिला है जबकि इस मामले में गुप्तकाशी थाने में एफआईआर भी दर्ज की गई है। राकेश अनवाल ने बताया कि उनके परिवारजन तथा कुछ रिश्तेदार बीते कई वर्षों से उनके साथ अन्याय कर रहे हैं। जिसको लेकर 23 फरवरी 2022 को जिला अधिकारी को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की गई किंतु तब से लेकर कोई कार्रवाई नहीं की गई है। परेशान और थका हारकर 16 मार्च 2022 को सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से गुप्तकाशी थानें में शिकायत दर्ज करवाई गई, किंतु फिर भी कार्रवाई नहीं हुई।

## संपादकीय



### एक और सांप्रदायिक हमला

हमने बीते कल ही सांप्रदायिक हिंसा, उन्मादी भीड़ और सौहार्द पर सवाल करता विश्लेषण छापा था। उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ज्ञानवापी विवाद पर एक हिन्दूवादी बयान दे दिया, जबकि इलाहाबाद उच्च न्यायालय का फैसला 3 अगस्त को आना है। ज्ञानवापी के भीतर त्रिशूल, घंटियां, कुंड, स्वास्तिक आदि चिह्न दीवारों पर अंकित हैं। देव-प्रतिमाएं भी बनी हैं। योगी ने स्पष्ट कर दिया कि ज्ञानवापी मंदिर था अथवा मस्जिद है! ये तमाम ज्ञात तथ्य हैं, क्योंकि अदालत द्वारा नियुक्त दो कमिश्नरों के नेतृत्व में सर्वे कराए गए थे, लेकिन उन्हीं आधारों पर करीब 400 साल पुराना मंदिर-मस्जिद विवाद सुलझाया नहीं जा सकता। जाहिर है कि योगी के बयान के पीछे सांप्रदायिक मानसिकता काम कर रही थी, ताकि उसी आधार पर ध्रुवीकरण कराया जा सके। हमारा देश सांप्रदायिकता बनाम धर्मनिरपेक्षता में बंटा है। हालांकि उनके पैरोकारों को उनके मायने भी ज्ञात नहीं हैं। वे इन दो शब्दों, दो धारणाओं की स्पष्ट व्याख्या भी नहीं कर सकते। इसी दौरान हरियाणा के मेवात इलाके के नूंह जिले में सांप्रदायिक हिंसा ने उन्मादी नाच दिखाया। करीब 100 वाहन जला दिए गए। तोड़-फोड़ भी की। होम गार्ड के 2 जवानों समेत तीन की मौत हो गई। 50 से ज्यादा पुलिस अधिकारी, कर्मचारी और अन्य लोग घायल हुए हैं। कुछ की अवस्था गंभीर बताई गई है। उपद्रवियों ने दुकानों में लूटपाट और आगजनी की है। नूंह की सीमाएं सील कर धारा 144 लागू करनी पड़ी है। सांप्रदायिक चिंगारियां गुरुग्राम, पलवल, सोहना, फरीदाबाद तक पहुंची हैं, लिहाजा उन इलाकों में भी अलर्ट चस्पां किया गया है। इंटरनेट और एसएमएस सेवाएं फिलहाल बुधवार 2 अगस्त, रात्रि 12 बजे तक, बंद की गई हैं। तीन अन्य जिलों से पुलिस बल मंगवाया गया है। अद्र्धसैनिक बलों की 20 कंपनियां भी तैनात की जा रही हैं। इलाके में सांप्रदायिक तनाव है। गोलीबारी और पथराव की घटनाएं रुक-रुक कर हो रही हैं। बेशक मेवात का इलाका एक 'चक्रव्यूह' की तरह है और यह 'चक्रव्यूह' मुसलमानों का बुना हुआ है। इलाके की करीब 80 फीसदी आबादी मुस्लिम है और शेष 20 फीसदी आबादी हिन्दुओं समेत अन्य समुदायों की है। मेवात साइबर अपराध का घेरेबंदी वाला अड्डा भी है। यहां की अल्पशिक्षित जमात साइबर अपराधों के जरिए लाखों की फिरौतियां वसूलती है, लेकिन ज्यादातर अपराधी कानून और पुलिस की गिरफ्त से बहुत दूर हैं।

दैनिक न्यूज़ वायरस

**संपादक : मौ.सलीम सैफी, कार्यकारी संपादक :** आशीष कुमार तिवारी न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक मौ.सलीम सैफी द्वारा विश्वनाथ प्रिंटर्स, अजबपुर कलां, देहरादून से प्रकाशित एवं न्यूज़ वायरस नेटवर्क प्रा. लिमिटेड, 48/3 बलबीर रोड, डालनवाला, देहरादून से मुद्रित। **फ़ोन :** 0135-4066790, 2672002 **RNI No. :** UT-THIN/2012/44094 **Cert. Ser. No. :** 31406 **E-mail :** dainiknewsvirus@gmail.com **Website :** www.newsvirusnetwork.com **YouTube :** TV News Virus

न्याय क्षेत्राधिकार : जनपद देहरादून (उत्तराखंड), भारत

## कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष ईश्वर सिंह बिष्ट की माता के निधन पर शोक प्रकट

रुद्रप्रयाग। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष ईश्वर सिंह बिष्ट की माता बिंदी देवी 72 वर्ष के निधन पर क्षेत्रीय लोगों,जनप्रतिनिधियों व विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संवेदना प्रकट की है। विदित हो कि ईश्वर सिंह बिष्ट की माता बिंदी देवी अपने रसोईघर में गैस सिलेंडर के रिसाव होने पर झुलस गई थी। उन्हें उपचार हेतु देहरादून ले जाया गया था, किंतु उपचार के दौरान ही बिंदी देवी की सोमवार देर रात को मृत्यु हो गयी थी। मंगलवार को उनके पैतृक घाट गौचर में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनकी अंत्येष्टि में पूर्व विधायक मनोज रावत,ब्लाक प्रमुख जखोली प्रदीप थपलियाल, नगर पंचायत अध्यक्ष गौचर मुकेश नेगी, बुद्धिजीवी प्रकोष्ट जिलाध्यक्ष शिव सिंह रावत, कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुंवर सजवाण, पूर्व जिपंस बीरेंद्र सिंह बुटोला, जिपंस नरेन्द्र सिंह बिष्ट, कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष हरीश गुंसाई, शैलेन्द्र भारती, अजय किशोर भण्डारी, दीपक भंडारी, सुनील पंवार, अर्जुन नेगी, भूपेंद्र बिष्ट, महावीर पंवार, प्रकाश रावत, मनोज सुमरियाल सहित कई लोग मौजूद थे।

## बौराड़ी में टेली कन्सलटेशन सेवा शुरू, भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

नई टिहरी। बौराड़ी में भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश नौटियाल ने बतौर मुख्य अतिथि टेली कन्सलटेशन सेंटर का शुभारंभ रिबन काटकर किया। इस मौके पर नौटियाल ने कहा कि इससे स्थानीय व ग्रामीण लोगों को विशेषज्ञ डाक्टरों तक पहुंच आसान होगी। ग्रामीणों को कम खर्च में बेहतर इलाज मिला पायेगा। उन्होंने इस सेवा को ग्रामीण क्षेत्रों में ले जाने की अपील डाक्टरों से की। मंगलवार को बौराड़ी मुख्य बाजार में टेली कन्सलटेशन सेंटर में टेली मेडिसिन सेवा का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ के मौके पर डा अनिल विज ने बताया कि इस सेवा के माध्यम से स्थानीय व ग्रामीणों मरीजों को विशेषज्ञों की मदद से सटीक इलाज दिलाया जायेगा। आन लाइन बेसिस इस सेवा की मदद से हार्ट, गायनी, फिजिशियन, चाईल्ड स्पेशलिस्ट सहित कई अन्य विशेषज्ञ डाक्टरों से आन लाईन कंस्लटिंग के आधार पर सटीक इलाज दिलाया जायेगा। सेवा के माध्यम से आन लाइन जांचों परीक्षण के साथ ही विशेषज्ञ डाक्टर की राय व दवाओं के पर्चे भी विद सिग्नेचर उलब्ध होंगे। मरीजों को विशेषज्ञ डाक्टरों के लिए शहरों की दौड़ नहीं लगाई होगी। मामूली फीस पर टेली कन्सलटेशन सेवा से आसानी से मरीजों का इलाज आसान होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीनंदा राजजात के पड़ावों पर होगा पौधरोपण

चमोली। श्रीनंदा देवी राजजात यात्रा के विभिन्न पड़ावों पर पौधरोपण करने की तैयारी है। समिति के पदाधिकारियों के अनुसार नंदा क्षेत्र में पौधरोपण कर नंदा मैती वन को वृहद बनाने की तैयारी है। श्रीनंदा देवी राजजात समिति के महासचिव भुवन नौटियाल ने बताया कि नंदासैंण, नौटी में पौधरोपण के बाद नंदा देवी राजजात यात्रा के पड़ाव ईड़ा बधाणी और कांसुवा में भी पौधरोपण किए जाने की तैयारी की जा रही है। जिसके बाद अन्य पड़ावों भी पौधरोपण अभियान चलाया जाएगा। नौटियाल का कहना है कि सभी पड़ावों पर पौधरोपण कर नंदा मैती वनों को विकसित किया जाएगा। कहा कि राजजात यात्रा शुरू होने वाले पड़ाव नौटी से पौधरोपण अभियान की शुरूवात हो चुकी है। जिसके बाद बधाणी और कांसुवा में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

### पुलिस कर्मचारियों को सम्मानित किया

चमोली। पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र डोबाल ने पुलिस अधिकारियों, थानाध्यक्षों, चौकी प्रभारियों सहित सभी पुलिस कर्मियों को मानसून सत्र के मद्देनजर हर वक्त सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा बदरीनाथ हाइवे समेत सभी सडक़ों पर संवेदनशील स्थानों पर अधिक सजगता की जरूरत है। बैठक में बीते माह में अपनी ड्यूटी के दौरान सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने पर उपनिरीक्षक नरेन्द्र कोटियाल को पुलिस मैन ऑफ द मंथ पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। साथ ही ड्यूटी के दौरान सराहनीय एवं उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रभारी निरीक्षक राकेश चन्द्र भट्ट (थाना जोशीमठ), उप निरीक्षक जगमोहन (एसडीआरएफ जोशीमठ), एसडीआरएफ अ.उ.नि. लवकुश मय टीम(चौकी घांघरिया), हेड कांस्टेबल सतीश रावत, कांस्टेबल हरीश कांडपाल, विनोद शाह थाना जोशीमठ, महेश, हर्षित जोशी, नवीन सिंह, अनूप कुमार, एसडीआरएफ जोशीमठ, अशोक (चौकी घांघरिया), होमगार्ड मंजीत रविन्द्र (चौकी घांघरिया), पीआरडी चन्द्रपाल, प्रेमचन्द्र, हरेन्द्र, कुलदीप,पीआरडी प्रमोद (चौकी घांघरिया) को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

### मणिपुर की घटना पर आक्रोशित माकपा और जन संगठनों ने पी एम का पुतला फूंका

चमोली। मणिपुर की घटना पर आक्रोशित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और ने उससे संबंधित जन संगठनों ने मणिपुर के मुख्यमंत्री और भारत के प्रधानमंत्री का बस स्टेशन गोपेश्वर में पुतला दहन किया गया। इस कार्यक्रम में भारत की कम्युनिस्ट पार्टी माक्र्सवादी के जिला मंत्री भोपाल सिंह रावत, सीआईटीयू के जिला अध्यक्ष मदन मिश्रा, किसान सभा के जिला सचिव ज्ञानेंद्र खंतवाल, जनवादी नौजवान सभा के जिला कोषाध्यक्ष गजेंद्र बिष्ट, जनवादी महिला समिति की जिला मंत्री गीता बिष्ट, लता मिश्रा, मीना बिष्ट, उषा बिष्ट, आंगनबाड़ी यूनियन की जिला अध्यक्ष भागीरथी राणा, भोजन माता यूनियन की नेत्री उषा एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता विनोद जोशी शामिल थे।

### प्रीतम सिंह के प्रभारी बनने पर जताया आभार

चमोली। कांग्रेस नेता और पीसीसी के पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह को छत्तीसगढ़ का वरिष्ठ पर्यवेक्षक बनाए जाने पर यहां कांग्रेसियों ने हाईकमान का आभार जताया है। कांग्रेस प्रदेश महामंत्री हरिकृष्ण भट्ट ने कहा कि प्रीतम सिंह के प्रभारी बनने पर छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार बनेगी। भट्ट ने प्रीतम सिंह को जिम्मेदारी दिए जाने पर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे, राहुल गांधी, सोनिया गांधी समेत केंद्रीय नेताओं का आभार जताया है।

### बसुकेदार में तहसील दिवस का आयोजन

रुद्रप्रयाग। जिलाधिकारी के निर्देशों पर उप जिलाधिकारी परमानंद द्वारा बसुकेदार में तहसील दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर ग्रामीणों ने 39 शिकायतें दर्ज की, जिसमें 13 का मौके पर ही निस्तारण किया गया। मंगलवार को टेमरिया पल्ला मिलन केंद्र में आयोजित तहसील दिवस में ग्रामीणों ने तहसील बसुकेदार में स्थाई तहसीलदार की नियुक्ति करने की मांग की। टेमरिया के ग्रामीणों द्वारा प्राथमिक विद्यालय के क्षतिग्रस्त भवन व सिंचाई नहर के सुचारू नहीं होने की शिकायत दर्ज की। महिला मंगल दल की अध्यक्ष सुनीता देवी ने वर्ष-2013 की दैवीय आपदा से कालागढ़ में क्षतिग्रस्त पुलिया के निर्माण करने के साथ ही अन्य समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रार्थना-पत्र दिया।

# सैनिक कल्याण मंत्री से लापता सैनिक रंजीत सिंह की माँ ने की फरियाद

न्यूज़ वायरस नेटवर्क



रुद्रपुर 2 अगस्त , प्रदेश के सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से बाजपुर के थाना कैलाखेड़ा निवासी 8 सिख रेजिमेंट के जवान नायक रंजीत सिंह की माता परमजीत कौर और परिजनों ने मुलाकात की। मंत्री ने परिवारजनो का ढाढस बधाते हुए उन्हें सरकार की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

ऊधमसिंह नगर जनपद के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी भारतीय सेना के लापता जवान के परिजनों ने बताया कि वह सिखलाई रेजिमेंट में है और वर्तमान में जम्मू में तैनात है। वह 22 जुलाई को एक माह की छुट्टी काटने के बाद अपनी पल्टन के लिए लौटा किंतु वहाँ नहीं पहुँचा। उन्होंने बताया कि वह 22 जुलाई की शाम 6 बजे दोराहा से बस में बैठा किंतु रविवार को उनके बटालियन से फ़ोन के द्वारा पता चला कि वहाँ नहीं पहुँचा है उससे आगे की जानकारी का अभी तक कुछ पता नहीं लगा। उन्होंने सैनिक कल्याण मंत्री से नायक रंजीत को सकुशल ढूढ़ने के लिये जनपद पुलिस को निर्देश दिये। मंत्री ने मौके पर ही जनपद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिये कि लापता जवान को खोजने के लिये टीम का गठन कर प्राथिकमता पर काम करे। मंत्री ने कहा कि इस संबंध में यदि अन्य राज्य की पुलिस से सहायता लेने हो तो संबंधित राज्य से तत्काल वार्ता की जाये। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, सैनिक की माता परमजीत कौर, नाना आत्मा सिंह, ताऊ जनरल सिंह, मामा मनजीत सिंह, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष उमा जोशी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## श्रीनगर में सडक़ों पर गड्ढों और टूटे जालों पर भाजपाई मुखर

न्यूज़ वायरस नेटवर्क

श्रीनगर गढ़वाल। श्रीनगर नगर निगम क्षेत्र में बारिश के कारण सडक़ों पर जगह-जगह पड़े गड्ढों व टूटे जालों को ठीक कराने की मांग को लेकर भाजपा के पदाधिकारी नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त से मिले। इस दौरान उन्होंने कहा कि तत्काल इनकी मरम्मत कराकर लोगों को सुविधाएं दी जाएं। कहा कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत की ओर से नगर निगम के लिए बजट की कोई कमी नहीं की जा रही है।

भाजपा के जिला उपाध्यक्ष जितेंद्र रावत, भाजयुमो के प्रदेश उपाध्यक्ष डा. सुधीर जोशी, व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी, कुशलानाथ, दिनेश रूडोला, हरि सिंह बिष्ट आदि ने नगर निगम के सहायक नगर आयुक्त रविराज बंगारी से वार्ता के दौरान कहा कि बारिश से नगर क्षेत्र की सडक़ों में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं। साथ ही नालियों के ऊपर लगे जाले व सीवर के ढक्कन टूट गए हैं। जिसके कारण आम जन को भारी दिक्कतें हो रही हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम प्रशासन अपनी जिम्मेदारी को गंभीरता से समझे व जनहित के कार्यों को करने में तेजी दिखाए। सहायक नगर आयुक्त बंगारी ने भाजपा पदाधिकारियों को जल्द से जल्द समस्या के समाधान का आश्वासन दिया।

नर्सरी रोड की स्थिति खस्ताहाल

श्रीनगर गढ़वाल। नगर निगम कार्यालय से होकर गुजर रही नर्सरी रोड की हालत खस्ताहाल बनी हुई है। नर्सरी गेट के समीप सडक़ पर बड़े-बड़े गड्ढे बने हुए हैं। जिससे स्कूली छात्रों व आम जन को यहां से गुजरने में भारी दिक्कतें हो रही हैं। कई स्थानों पर निगम की ओर से कूड़ा दान नहीं लगाए जाने से कूड़ा सडक़ पर बिखरा होने से गंदगी पसर जा रही है। वहीं ट्रंचिंग ग्राउंड की गंदगी से आ रही दुर्गंध से इस रोड के दोनों ओर घनी आवासीय बस्तियों के लोगों को भारी परेशानियां हो रही हैं। लोगों का कहना है कि कई बार नगर निगम व स्थानीय प्रशासन से इस समस्या से निजात दिलाए जाने की मांग कर दी गई है। बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है।

## तहसील दिवस : डीएम अध्यक्षता में हुआ पर तहसील सदर में कैम्प आयोजित

देहरादून। जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका द्वारा तहसील दिवस पर तहसील सदर में कैम्प आयोजित करते हुए अविवादित विरासतन मामलों के निस्तारण के निर्देश के क्रम में आज तहसील सदर में तहसील दिवस/विशेष शिविर आयोजित करते हुए अविवादित विरासतन मामलों का निस्तारण, अविवादित दाखिला खारिज के साथ ही जनमानस की पेंशन, प्रमाण पत्र आदि समस्याओं का निस्तारण किया किया गया। जिलाधिकारी की उपस्थित में संचालित हुआ तहसील दिवस। जिलाधिकारी ने स्वयं कोर्ट में बैठकर मामलों का करवाया निस्तारण। जिलाधिकारी की इस पहल से लोगों में जगा विश्वास। अगले मंगलवार भी लगेगा शिविर। जिलाधिकारी ने तहसील सदर के लेखपाल/पटवारियों को दिए क्षेत्र में शिविर के प्रचार-प्रसार करने के निर्देश ताकि जनमानस शिविर में आकर अपने प्रकरणों का निस्तारण करवा सकें। भविष्य में ग्राम स्तर पर शिविर आयोजित कर निपटाये जाएंगे अविवादित विरासतन के प्रकरण। जिलाधिकारी द्वारा तहसील में विशेष दाखिला खारिज शिविर लगाये जाने पर पंहुचे फरयादियों ने जिलाधिकारी की इस पहल की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। जिलाधिकारी द्वारा फरियादियों को गंभीरता से सुनने तथा उनका निस्तारण करवाने पर फरियादियों के चेहरे में प्रसन्ता का भाव दिखा तथा जिलाधिकारी एवं जिला प्रशासन के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

जिलाधिकारी की पहल पर आयोजित विशेष दाखिला खारिज शिविर में 2225 अविवादित दाखिला खारिज तथा 50 विरासत का निस्तारण, 10 वाद जो लंबे समय से तहसीलदार कोर्ट में चल रहे उनका निस्तारण किया गया। इसके अतिरिक्त तहसील दिवस पर पेंशन, नाम शुदिकरण, आधार कार्ड में नाम परिवर्तन, किसान क्रेडिट कार्ड,रास्ता खुलवाने, भूमि सीमांकन, सीडब्ूलएस आवेदन आदि शिकायतें प्राप्त हुईं। जनमानस से जिलाधिकारी की इस पहल का स्वागत किया।

तहसील दिवस के उपरांत जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों कार्मिकों एवं लेखपालों की बैठक लेते हुए दिए आवश्यक निर्देश। जनमानस के प्रकरणों पर संवेदनशीलता से कार्य करें।

## जल स्रोतों के संरक्षण को रोपे बांज के पौधे

श्रीनगर गढ़वाल। कीर्तिनगर ब्लॉक के ग्राम पैंडुला में हरेला कार्यक्रम के अन्तर्गत वन विभाग के सौजन्य से पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पानी के मूल स्रोतों का संरक्षण व सुदृढ़ीकरण के लिए बांज, अर्जुन, आम, आंवला सहित अन्य औषधीय, छायादार और फलदार पौधों का रोपण किया गया। ग्राम पंचायत पैंडुला के ग्राम प्रधान व प्रधान संगठन के अध्यक्ष सुनय कुकसाल ने कहा कि पानी के स्रोतों का संरक्षण व पानी के रिचार्ज में वृद्धि के उद्देश्य से पानी के स्रोत के ऊपर बांज सहित अन्य प्रजातियों के पौधों का रोपण किया जाना अति आवश्यक है। इस मौके पर वन क्षेत्राधिकारी बुद्धि प्रकाश, परमेश्वरा नंद बडोनी, महावीर सिंह सजवाण, पुरूषोत्तम लाल, आनन्द सिंह महर, नीरज मेहरा सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

## उत्तराखंड गौरव सम्मान से नवाजे गए प्रो. पीएस राणा

श्रीनगर गढ़वाल। हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विवि के वरिष्ठ प्रोफेसर डा. पीएस राणा को सेव हिमालयन मूवमेंट, पर्वतीय विकास शोध केंद्र, डालियों का दगडिया संगठन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित समारोह में उत्तराखंड गौरव सम्मान से नवाजा गया। प्रो. राणा गढ़वाल केंद्रीय विवि में कुलसचिव, अधिष्ठाता छात्र कल्याण, मुख्य नियंता आदि महत्वपूर्ण पदों पर रहे। यह सम्मान उन्हें विवि में बेहतरीन सेवाओं के साथ ही समाज कार्यों में दिए गए योगदान के लिए दिया गया। जीएमएवीन गेस्ट हाउस के सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विपिन मैठाणी, श्रीदेव सुमन विवि व गुरुरामराय विवि के पूर्व कुलपति डा.यूएस रावत, शाश्वत धाम के संस्थापक स्वामी अद्वैतानंद जी महाराज, नगर पंचायत कीर्तिनगर की अध्यक्ष कैलाशी देवी जाखी व समाज सेवी अनिल स्वामी के हाथों प्रो. राणा को यह सम्मान प्रदान किया गया। समारोह में प्रो.राणा ने कहा कि इस सम्मान से नवाजे जाने पर उनके ऊपर समाज की और भी जिम्मेदारी आ गई है। उन्होंने सामाजिक कार्यों में और भी ऊर्जा के साथ कार्य करने की बात कही। समारोह में प्रो. मंजुला राणा, डा.अरविंद दरमोड़ा, प्रो. मोहन पंवार, प्रो. एआर डंगवाल, प्रो. किरन डंगवाल, प्रो. एसएस रावत, प्रो. हरिभजन चौहान, प्रो. विद्या चौहान, समीर रतूड़ी, डॉ. जेपी भट्ट, भवानी रावत, बीएनअण्थ्वाल, रमेश मंगमगाई, अंशीलाल, मदन मोहन नौटियाल, गिरीश पैन्यूली, व्यापार सभा अध्यक्ष दिनेश असवाल, डॉ.कपिल पंवार आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### ऊखीमठ में लोक अदालत 9 सितंबर को

रुद्रप्रयाग। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सहयोग से जिला जज की अध्यक्षता में जिला न्यायालय परिसर रुद्रप्रयाग एवं बाह्य न्यायालय ऊखीमठ में 9 सितंबर को प्रातः 10 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस आशय की जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव/सिविल जज (सी.डि.) रवि रंजन ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी सुलह-समझौते के आधार पर मामलों का निस्तारण किया जाएगा। जिसमें अपराधिक शमनीय वाद, 138 एनआई एक्ट बैंक रिकवरी वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, वैवाहिक वाद, श्रम विवाद वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, बिजली व पानी से संबंधित (अशनीय वादों को छोडक़र) वेतन भत्ते एवं अन्य सेवानिवृत्ति से संबंधित सेवा लाभ, राजस्व अन्य दीवानी वाद, विचाराधीन वाद एवं प्री-लिटिगेशन मामलों का निस्तारण पक्षकारों का आपसी सुलह-समझौते के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रीय जनता से उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत का लाभ लेने का आह्वान किया है।

### वीरेंद्र अध्यक्ष और गिरीश प्रबंधक चुने गये

नई टिहरी। ज्वालामुखी संस्कृत महाविद्यालय के प्रबंधन कार्यकारणी समिति का चुनाव महाविद्यालय परिसर में संपन्न हुआ। कार्यकारणी में वीरेंद्र सेमवाल अध्यक्ष, गिरीश नौटियाल को निर्विरोध प्रबंधक चुना गया। इसके अलावा कुलदीप रावत को उपाध्यक्ष, शैलेन्द्र सेमवाल कोषाध्यक्ष, अमनदीप भट्ट,अखिलेश भट्ट, लक्ष्मी प्रसाद शर्मा, सोहन भट्ट को सदस्य बनाया है। विष्णु प्रसाद सेमवाल को सह प्रबंधक बनाया गया है। चुनाव अधिकारी विनोद घिल्डियाल और पर्यवेक्षक गोविंद श्रीवाल की रेखदेख में चुनाव संपन्न हुये। नव नियुक्त कार्यकारणी ने विद्यालय भवन का उचित रख रखाव के साथ बेहत्तर शिक्षण माहौल बनाने की बात कही है। मौके पर प्रधानचार्य राजेन्द्र प्रसाद गैरोला, महिमानंद भट्ट, हर्षवर्धन भट्ट, शेलेन्द्र बिष्ट, ओम प्रकाश ममंगाई, देवीदयाल गैरोला आदि उपस्थित थे।

### छात्रों को नशे से दूर रहने को किया प्रेरित

श्रीनगर गढ़वाल। राजकीय इंटर कॉलेज श्रीनगर में कोतवाली पुलिस की ओर से नशा उन्मूलन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कोतवाली के एसएसआई संतोष पैंथवाल ने छात्रों को नशे से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया। साथ ही छात्रों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जो नौनिहाल नशे के दलदल में फंस चुके हैं उनको लेकर काउंसलिंग भी की जाती है। इसके अलावा छात्रों को यातायात नियमों का पालन करने के बारे में जानकारी दी।

### डीएम बोले, कार्यालयों को करें पेपर लेस

नई टिहरी। डीएम मयूर दीक्षित ने मंगलवार को नरेंद्रनगर तहसील के विभिन्न सरकारी कार्यालयों का मौके पर जाकर निरीक्षण किया। यहां पर श्रीदेव सुमन उप जिला चिकित्सालय में जाकर स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी भी ली। जिसके बाद नरेंद्रनगर तहसील में अधिकारियों की बैठक लेते हुए चौपाल के माध्यम से जन समस्याएं भी सुनी। नरेंद्रनगर में कार्यालयों के निरीक्षण के दौरान डीएम दीक्षित ने एसडीएम को सभी कार्यालयों से संबंधित समस्याओं को कम्पाइल कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। अधिकारियों को जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने, कार्यालयों को पेपर लेस कर हाईटेक करने, सभी पटल सहायकों के टेबल पर नेम प्लेट रखने तथा कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। कोषाधिकारी को डबल लॉक में अतिरिक्त सीसी टीवी कैमरे लगाने का आदेश दिया। डीएम ने उप जिला चिकित्सालय नरेन्द्रनगर में सिटी स्केन कक्ष, एक्स-रे कक्ष, डायलिसिस यूनिट, ऑपरेशन थियेटर, ओपीडी, डेंगू वार्ड, जनरल वार्ड, फिजियो थरैपी विभाग, राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सा कक्ष आदि का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जानकारी हासिल की। अस्पताल में तैनात स्टाफ, प्रतिदिन की ओपीडी, भर्ती मरीज, मरीजों को दिये जाने वाले भोजन, बिजली, पानी, फायर सेफ्टी की जानकारी लेते हुए आम लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवायें देने के निर्देश दिए।